Publication: **Rajasthan Patrika** | Region: **Ahmadabad** | Date: **22/04/2014** | Page No.: **13**

ऑनलाइन टर्म पॉलिसी उतारी

मुंबई. रिलायंस कैपिटल की सहयोगी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 15 रुपए रोज के खर्च पर एक करोड़ रुपए के बीमा संरक्षण वाली ऑनलाइन टर्म जीवन बीमा योजना रिलायंस ऑनलाइन टर्म सोमवार को पेश की। कंपनी का दावा है कि यह सबसे सस्ती ऑनलाइन टर्म पॉलिसियों में है।

एक करोड़ रुपए का यह कवर 25 साल के स्वस्थ युवक के लिए मिलेगा। इस पॉलिसी में 75 साल की आयु तक बीमा सुरक्षा की पेशकश की गई है। अलग-अलग प्रीमियम पर 50 लाख, 75 लाख और 1 करोड़ रुपए की पॉलिसी की पेशकश की गई है। रिलायंस ऑनलाइन टर्म 25 साल के युवक जो धुम्रपान नहीं करते के लिए 450 रुपए प्रति माह की दर से 15 साल तक के लिए 1 करोड़ रुपए की बीमा सुरक्षा प्रदान करता है। जिसमें एक साल का प्रीमियम 3500 रुपए होगा।